डेटाबेस परियोजना – परियोजना के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी संस्थान देश-विदेश हिंदी और संस्कृत भाषा के प्रसार एव संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभा रहे विद्वानों, लेखकों, शिक्षकों एवं पदाधिकारियों का डेटाबेस तैया करने की वेबसाइट पर प्रकाशित करने की योजना है जिससे आवश्यकता पड़ने पर शोधार्थियो विद्वानों एवं हिंदी और संस्कृत के प्रति असीम लगाव रखने वाले आमजनों की पहुँच इन विद्वानों तक सुलभ हो सके। साथ ही भारत सरकार द्वारा इन भाषाओं के संबंध में लिए गए निर्णयों की जानकारी तथा इन भाषाओं में आयोजित संगोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों का अद्यतन सूचनाओं का अधिक सुगमता सा आदान-प्रदान हो सके। योजना का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं संवृद्धि में योगदान दे रहे विद्वानों का एक एकीकृत डेटाबेस तैयार कर वैश्विक मंच का निर्माण करना है। वर्तमान में डेटाबेस परियोजना के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा द्वारा वर्ष 1989 से 2018 तक हिंदी सेवी सम्मान से पुरस्कृत विद्वानों की पुस्तिका के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। पुस्तिका का कार्य अंतिम चरण में है।